## नगर के इवेंट

### समाजसेवी भजन सेठ का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया गया



**गुना**। शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी प्रेम नारायण राठौर "भजन सेठ" का जन्मदिन श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर की प्रथम नागरिक एवं नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता तथा वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने उन्हें पुष्पहार पहनाकर, शाल-श्रीफल भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सक्रिय जीवन की कामना की। राठौर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राठौर समाज द्वारा पुराने बस स्टैंड प्रांगण में सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में अनेक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान राठौर ने सभी नवविवाहित जोड़ों को एलईडी टीवी एवं घड़ी उपहार स्वरूप प्रदान कर आशीर्वाद दिया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने सभी कन्याओं के पांव पखारकर उन्हें सम्मानित किया तथा नकद राशि के लिफाफे के साथ गादेर गुफा स्थित भगवान शिव की तस्वीर भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी आवश्यकता के लिए वे व्यक्तिगत रूप से सहयोग हेतु सदैव उपलब्ध रहेंगी। सामूहिक विवाह सम्मेलन में राठौर समाज के अध्यक्ष नरेंद्र राठौर ने भजन सेठ , नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा नेता का पुष्पहार भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पवन राठौर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महामंत्री राजेंद्र राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एसडीएम शिवानी पांडे ने गुनिया नदी क्षेत्र का किया निरीक्षण, सफाई कार्यों की समीक्षा की



**गुना** । एसडीएम गुना शिवानी पांडे ने शनिवार को गुनिया नदी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए शीतला माता मंदिर के पास, हाट रोड रपटा, बड़ा पुल एवं सिंग टावर क्षेत्र का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर मौके पर ही आगामी कार्ययोजना तय कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि भविष्य में नदी की सफाई पोकलेन मशीन के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे जल प्रवाह सुचारु रूप से बना रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण नहीं किया जाना है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सभी नागरिकों की सहभागिता बेहद जरूरी है। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग से ही इस कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान पीओ डूडा संजय श्रीवास्तव, तहसीलदार शजी.एस. बैरवा सहित नगरीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### साझा किया सरकारी स्कूल छात्र से कलेक्टर बनने का सफर,दिया सफलता का मूल मंत्र

**गुना**। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट में आयोजित 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम उस समय खास बन गया, जब कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल बच्चों के बीच अधिकारी नहीं, बल्कि एक प्रेरक व्यक्तित्व बनकर पहुंचे। उन्होंने बच्चों के बीच बैठकर उनके सपनों, रुचियों और भविष्य की योजनाओं को करीब से जाना। किसी ने सेना में जाकर देश सेवा का सपना साझा किया, तो कोई अपने परिवार का नाम रोशन करने की इच्छा रखता नजर आया। संवाद के दौरान कलेक्टर ने बच्चों की हर बात को गंभीरता से सुना और कहा, "मैं भी शासकीय स्कूल का ही छात्र रहा हूं।" उन्होंने समझाया कि सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां और शारीरिक फिटनेस भी व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सफलता का मूल मंत्र देते हुए उन्होंने कहा, "सबसे पहले अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें, फिर उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। चाहे गति धीमी हो, लेकिन रुकना नहीं चाहिए।

### महुगढ़ा फाटक से बमोरी बुजुर्ग मार्ग निर्माण: शिकायत निराधार, कार्य गुणवत्तापूर्ण

**गुना**। महुगढ़ा फाटक से बमोरी बुजुर्ग तक 2.20 किलोमीटर लंबाई के सड़क निर्माण कार्य को लेकर प्राप्त शिकायत की जांच पूरी कर ली गई है। शिकायत में अर्थवर्क (सब-ग्रेड) में अनुपयुक्त मिट्टी डालने का आरोप था।कलेक्टर गुना के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने जांच की। जांच में पाया गया कि सड़क निर्माण निर्धारित मापदंडों और गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही किया जा रहा है। निर्माण में



चयनित मटेरियल का उपयोग हो रहा है, जिससे सड़क मजबूत और टिकाऊ बन रही है।अधिकारियों ने बताया कि कार्य पारदर्शी और तकनीकी मानकों के अनुरूप चल रहा है। विभाग नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि यह मार्ग क्षेत्र के विकास और आवागमन को सुगम बनाने में मदद करेगा।

## ओलों ने उजाड़े सपने: खेतों में बिछी बर्बादी, मदद की आस में किसान





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आसमान से गिरे ओलों ने इस बार सिर्फ फसलें ही नहीं, बल्कि किसानों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है। जिन खेतों में कुछ दिन पहले तक सुनहरी फसल लहलहा रही थी, आज वहां बर्बादी का मंजर पसरा हुआ है।

हर ओर टूटी उम्मीदें, बिखरे अरमान और किसानों की आंखों में बेबसी साफ झलक रही है। बीते 2 अप्रैल की रात आई बेमौसम आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि ने गुना जिले के कई गांवों में भारी तबाही मचा दी। अचानक बदले मौसम ने किसानों को संभलने का मौका तक नहीं दिया।

#### आरोन क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित

जिले के आरोन क्षेत्र के गांव इस आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित बताए जा रहे हैं। यहां गेहूं की फसल कटाई के बिल्कुल कगार पर थी,

लेकिन ओलों की मार से पूरी तरह चौपट हो गई। खेतों में गिरी फसल किसानों के लिए गहरा झटका साबित हुई है।किसानों ने कर्ज लेकर बीज बोए थे और दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार की थी। लेकिन कुदरत के इस कहर ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। अब किसान आर्थिक संकट और भविष्य की चिंता से जूझ रहे हैं। बमोरी ब्लॉक के ग्राम भूराखेड़ी में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

#### जयवर्धन सिंह ने उठाई राहत की मांग

इस स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ नेता जयवर्धन सिंह ने प्रशासन को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों के लिए तत्काल राहत की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि किसानों को इस संकट से उबरने में मदद मिल सके।


#### किसानों की उम्मीद प्रशासन पर टिकी

आज किसान अपने उजड़े खेतों के बीच खड़ा आसमान की ओर देख रहा है। उसे अब प्रशासन से ही उम्मीद है कि उसकी पीड़ा को समझा जाएगा और टूटे हौसलों को फिर से संबल दिया जाएगा।

### शहर की सुरक्षा व्यवस्था को स्कॉर्पियो गैंग ने दी खुली चुनौती

## एक ही रात में चटकाए आधा दर्जन घरों के ताले





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में हाल ही में पुलिस व्यवस्था में हुए बदलाव के बाद अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

बीती रात कैंट थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक साथ करीब आधा दर्जन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को सीधी चुनौती दे डाली। इस घटना ने न सिर्फ लोगों को चौंकाया है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### अन्य घरों के भी तोड़े ताले

चौंकाने वाली बात यह रही कि कॉलोनी के अन्य घरों के भी ताले तोड़े गए, हालांकि वहां से ज्यादा सामान नहीं ले जाया जा सका। इससे साफ है कि बदमाशों ने पूरी कॉलोनी को टारगेट करते हुए सिलसिलेवार वारदात को अंजाम दिया।

#### कॉलोनी को बनाया निशाना

जानकारी के अनुसार, कैंट थाना अंतर्गत भगत सिंह कॉलोनी स्थित न्यू एसएल मेमोरियल स्कूल के आसपास के मकानों को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि वारदात किसी संगठित गिरोह द्वारा अंजाम दी गई है, जिसे स्थानीय स्तर पर "स्कॉर्पियो गैंग" कहा जा रहा है।

#### स्कॉर्पियो से पहुंचे बदमाश सुनियोजित वारदात

बताया जा रहा है कि बदमाश स्कॉर्पियो वाहन में सवार होकर आए थे और पूरी योजना के तहत चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस को शक है कि गिरोह ने पहले से इलाके की रेकी की थी।

#### मुख्य घर से लाखों की चोरी

पीड़ित सईद खान के अनुसार, चोरों ने उनकी बहन के घर को मुख्य निशाना बनाया। अलमारी के ताले तोड़कर करीब 1.70 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवरात, एलईडी टीवी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। घटना का पता सुबह करीब 5 बजे चला, जब घर का सामान बिखरा हुआ मिला।

#### पुलिस मौके पर, जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए हैं, जबकि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

#### गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित

फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और संदिग्ध "स्कॉर्पियो गैंग" की तलाश में टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक ही रात में आधा दर्जन घरों के ताले टूटते रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इस घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है और आमजन में दहशत का माहौल बना दिया है।

## पूर्व जनपद अध्यक्ष के भतीजे को मौत के घाट उतारा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना/चाचौड़ा

जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र के कोन्याकला गांव में पूर्व जनपद अध्यक्ष के भतीजे की मारपीट कर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार शाम की बताई जा रही है, जहां आपसी विवाद के चलते युवक को पकडक़र बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार फरियादी कृष्णगोपाल मीना निवासी तुलसीखेड़ी अपने दोस्त गिरीश मीना (32) के साथ अल्टो कार से कोन्याकला गांव पहुंचे थे। गिरीश अपनी एक महिला परिचित से मिलने स्कूल के पास गया था, जबकि कृष्णगोपाल कार में ही बैठा रहा। इसी दौरान गांव के चंदू मीना, रामविलास मीना, मनीष मीना और गोविंद मीना मौके पर पहुंचे और गिरीश को पकडक़र गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी।फरियादी के अनुसार आरोपियों ने उसे भी धमकाते हुए वहां से भगा दिया। इसके बाद वह अपनी जान बचाकर मौके से निकल गया और परिजनों को घटना की सूचना दी। कुछ देर बाद गिरीश को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। पुलिस ने कृष्णगोपाल मीणा की रिपोर्ट पर आरोपी चंदू, रामविलास, मनीष और गोविंद मीणा के खिलाफ धारा 103(1) (हत्या), 296(ए) और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है

## दर्दनाक हादसा: खाई में गिरी कार महिला की मौत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के गुना बायपास पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक ही परिवार के लोगों से भरी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद करीब 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल गुना में इलाज जारी है।जानकारी के अनुसार अग्रवाल परिवार उज्जैन से ओंकारेश्वर महादेव के दर्शन कर ग्वालियर में कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान गुना बायपास पर अचानक कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराकर खाई में गिर गई। हादसे के वक्त वाहन में पांच लोग और एक बच्ची सवार थी, जो सभी एक ही परिवार के थे, जबकि उनके साथ एक पड़ोसी भी मौजूद था। घायल लोकेश द्विवेदी ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि कुछ समझ ही नहीं आया और आंखों के सामने अंधेरा छा गया। कार उनके भाई चला रहे थे। हादसे में अनीता अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में गोपाल अग्रवाल, गिरधर अग्रवाल, शिवान्य अग्रवाल, कृषिवी अग्रवाल और लोकेश द्विवेदी शामिल हैं। सभी लोग उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के बछरांवा क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। ग्वालियर में कीर्तन कार्यक्रम के बाद उन्हें अपने गांव लौटना था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया।




### गुना में ट्रेन और स्टेशन पर चोरी की दो वारदातें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जीआरपी थाना क्षेत्र में रेल यात्रा के दौरान दो चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। उज्जैनी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे अभिषेक कुमार सिंह का 80 हजार रुपये नगद से भरा बैग रुठियाई स्टेशन के पास अज्ञात चोर ने छीनकर चलती ट्रेन से कूद गया। वहीं गुना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर धीरज बंजारा का आईफोन 11 प्रो चोरी हो गया। पुलिस ने दोनों मामलों में धारा 305 और 303 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चौपट नदी में मिला युवक का शव, दो दिन से था लापता आत्महत्या या हत्या जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बजरंगगढ़ टोल नाके के आगे बड़े पुल के नीचे चौपट नदी में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान आरोन निवासी रामबाबू के 28 वर्षीय पुत्र कमल साहू के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से लापता था।जानकारी के अनुसार, कमल साहू की मोटरसाइकिल एक दिन पहले ही पुल के पास खड़ी मिली थी, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उसके बड़े भाई अंकित साहू ने बताया कि कमल आरोन की गल्ला मंडी में काम करता था।कमल की शादी गुना के सिसोदिया कॉलोनी निवासी जया के साथ हुई थी और उसकी एक 2 साल की बेटी खुशी है।फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का। सच्चाई का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। बजरंगगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को गुना जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिले में लगातार सामने आ रही गोवंश से नृशंसता की घटनाएं, कई बार ज्ञापन दे चुके

## गुस्साएं गोरक्षकों ने हनुमान चौराहे पर एक घंटे थामा यातायात

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में लगातार सामने आ रही गोवंश के साथ नृशंसता की घटनाओं और प्रशासन की कथित निष्क्रियता के विरोध में शनिवार को गौसेवकों का आक्रोश खुलकर सामने आया। शहर के व्यस्त हनुमान चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पिछले एक महीने में जिले के अलग-अलग स्थानों पर गोवंश के कटे हुए शव और अंग मिलने की तीन घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

उनके अनुसार 6 मार्च को इंडस्ट्रियल एरिया में बछड़े का कटा शव मिला था, इसके बाद लूसन के बगीचा क्षेत्र में गाय की गर्दन मिली और हाल ही में हनुमान जयंती के दिन सदर बाजार रपटा इलाके में गाय के कटे हुए कान मिलने की घटना हुई। इसके अलावा हनुमान टेकरी परिसर में झूला संचालकों द्वारा मांस पकाने



का मामला भी सामने आया, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। गोसेवकों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि वे कई बार कलेक्टर के नाम ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई तो वे खुद कार्रवाई करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने और कड़ी सजा देने की मांग की।

मौके पर तहसीलदार जीएस बैरवा और कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव पुलिस बल के साथ पहुंचे और काफी देर तक समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका। प्रशासन की ओर से बताया गया कि प्रदर्शनकारियों की मांगों को सुनकर आवेदन को परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले की जांच कैंट थाना पुलिस कर रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद शहर में तनाव का माहौल बना हुआ है और प्रशासन पर जल्द ठोस कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है। हाल ही में बछड़े की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उन्हें कोर्ट ले जाने की सूचना पर बड़ी संख्या में गौसेवक थाने पहुंच गए और आरोपियों का पैदल जुलूस निकालने की मांग करने लगे।

## समाचार संक्षेप

### सांदीपनि विद्यालय चाचौड़ा में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन

चाचौड़ा। मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग एवं मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार संचालित 'स्कूल चले हम' अभियान के अंतर्गत 1 अप्रैल 2026 से 4 अप्रैल 2026 तक चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 4 अप्रैल 2026 को सांदीपनि विद्यालय चाचौड़ा में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में



मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रवि मालवीय उपस्थित रहे। उनके साथ स्टेनो रितेश डेकाडे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना द्वारा की गई। इस अवसर पर समस्त शैक्षिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा सुंदर रंगोली बनाई गई। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।अपने उद्बोधन में एसडीएम वि मालवीय ने विद्यार्थियों को उनके कैरियर, लक्ष्य निर्धारण एवं जीवन में आने वाली चुनौतियों के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन वितरित किए गए। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक साबित हुआ।

### कस्बे में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

बजरंगगढ़। कस्बे के ग्रामीण बैंक के पास चल रही श्री मद भागवत



कथा में अधिक संख्या में धर्म प्रेमी बंधु आकर कथा का आनंद ले रहे है यह कथा 29 मार्च को कलश यात्रा से शुरू हुई जो कि 5 अप्रैल तक चलेगी। कथा का वाचन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक पंडित श्री मनमोहन जी भार्गव कर रहे है। कथा में प्रतिदिन भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है भगवान के भजनों पर श्रोतागण झूमकर नाच रहे हैं,कथा का समापन 5 अप्रैल हवन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ होगा। कथा आयोजक समस्त ग्रामवासी बजरंगगढ़ है।

# गीता कपिध्वज हनुमत प्रकटोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



विश्वगीता प्रतिष्ठानम् के तत्वावधान में आयोजित सप्त उत्सवों की श्रृंखला के अंतर्गत द्वितीय उत्सव गीता कपिध्वज हनुमत प्रकटोत्सव हनुमान जयंती के अवसर पर पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ।

आयोजन रामलीला एवं दशहरा आयोजन समिति के यजमानत्व में किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के प्रत्यक्ष श्रोता रामभक्त हनुमान जी ही थे। त्रेता युग से चिरंजीवी स्वरूप में पूजित हनुमान जी की उपासना विश्वभर में विभिन्न तिथियों पर की जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, अर्जुन के रथ की ध्वजा पर विराजमान हनुमान जी की उपस्थिति में ही भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का दिव्य उपदेश दिया था।कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीरामसभा, श्रीमद्भगवद्गीता एवं गीता कपिध्वज हनुमान जी के पूजन से हुआ, जिसे प्रमोद अग्रवाल, पंडित अनिल भार्गव एवं गोवर्धन दास मित्तल ने संपन्न कराया। इसके पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, गीता के द्वादश अध्याय 'भक्ति योग' के श्लोकों का पाठ एवं तृतीय अध्याय 'कर्म योग' का स्वाध्याय किया गया।मुख्य वक्ता बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने "हनुमान एक आदर्श" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, वहीं हरिदत्त शर्मा ने गीता के चयनित श्लोकों की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की। प्रेरक प्रसंगों की श्रृंखला में पंडित ओमप्रकाश पाराशर, हरिओम शर्मा, लखनलाल नामदेव, संतोष ओझा, ओमप्रकाश शर्मा एवं रामस्वरूप सेन सहित अन्य वक्ताओं ने रामचरितमानस एवं हनुमान जी के जीवन से जुड़े प्रेरक विचार संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के दौरान अंकित पांडेय ने जानकारी दी कि विश्वगीता प्रतिष्ठानम् द्वारा वर्षभर में सात गीता उत्सव आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी तृतीय उत्सव आदि गुरु शंकराचार्य प्रकटोत्सव 21 अप्रैल को मनाया जाएगा। साथ ही रामनवमी से बच्चों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन गीता शिक्षण कक्षाएं भी प्रारंभ की गई हैं।उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व 1 अप्रैल को गीता सप्तोत्सव विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से बाल्मीकि रामायण, तुलसी रामायण के सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं श्रीमद्भगवद्गीता के अखंड पाठ देशभर के स्वाध्यायियों द्वारा किए गए।कार्यक्रम का समापन आरती एवं विश्वकल्याण मंत्र के साथ हुआ। संचालन राम सिंह रघुवंशी ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा संगठन में विकास जैन नखराली का बढ़ा कद

## प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ता विकास जैन नखराली को संगठन ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट के पद पर नियुक्त किया है। मध्यप्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी को उनकी दीर्घकालीन संगठनात्मक निष्ठा और प्रभावी संवाद क्षमता का परिणाम माना जा रहा है।

### अयोध्या पहुंचकर लिया आशीर्वाद

प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्ति के पश्चात विकास जैन नखराली अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने रामलला मंदिर में दर्शन किए। साथ ही हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान गढ़ी में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए विकास जैन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित जिले के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## शिव शक्ति मंडल की बहनों ने "जल है तो कल है" थीम पर किया प्रेरणादायक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



शिव शक्ति मंडल की महिलाओं द्वारा राजश्री होटल में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संरक्षक सपना शर्मा ने बताया कि इस बार कार्यक्रम की थीम "जल है तो कल है, जल ही जीवन है" रखी गई। कार्यक्रम में जल की आवश्यकता एवं उसकी उपयोगिता पर विस्तार से संवाद किया गया। सभी महिलाओं ने वर्तमान समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उपायों पर अपने-अपने विचार साझा किए। साथ ही जल एवं पर्यावरण विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। अध्यक्ष नीति भार्गव द्वारा आकर्षक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें पंक्चुअलिटी गेम में गुणवंती (कृष्णा बुटीक) प्रथम रहीं। ग्रुप गेम में लक्ष्मी पाराशर प्रथम, सीमा गुप्ता द्वितीय एवं सीमा पालिया तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा सभी ने तंबोला का भी आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक सपना शर्मा द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। मंच संचालन सचिव शिल्पा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया।

### वार्ड क्र 03 के पार्षद द्वारा रहवासियों की समस्याओं की घर-घर जाकर सुनवाई की

गुना। नगर पालिका परिषद गुना के वार्ड क्र 03 के पार्षद एवं चेयरमैन बबीता राजेश साहू द्वारा आज वार्ड क्र 03 की विभिन्न कॉलोनियों में जाकर नागरिकों की कुशलता की जानकारी ली तथा ग्रीष्मकाल में पेयजल,सफाई एवं अन्य शासकीय योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी ली।पार्षद ने वार्ड वासियों आगामी दिनांक 19 अप्रैल को नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन के वारे में भी अवगत कराया तथा विवाह योग्य बालिकाओं का विवाह सम्मेलन से कराये जाने के लिए प्रेरित किया। श्रीमति साहू ने ग्रीष्मकाल में पेयजल का अपव्यय रोकने की अपील की तथा वार्ड को मिलकर स्वच्छ रखने का आव्हान किया जिससे



स्वच्छ्य सर्वेक्षण में वार्ड को प्रथम स्थान पर लाया जा सके। उन्होंने सभी वार्ड वासियों से अपने घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा गाड़ी में ही डालने का अनुरोध किया। वार्ड भ्रमण में साथ चर रहे स्वच्छता प्रभारी को अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए ।इस दौरान उनके साथ में राजेश साहू जिला सह कोषाध्याय भारतीय जनता पार्टी रामबाबू शर्मा राजेश श्रीवास्तव महेश कुशवाहा विजय श्रीवास्तव दिलीप शर्मा सचिन साहू अजय नामदेव प्रमोद भार्गव सोनू राठौर बंटी दरोगा उपस्थित रहे।

# कुंभराज में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचोड़ा

भारतीय जनता पार्टी मण्डल कुंभराज द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चाचौड़ा विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती पैंची ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तैयार करना है, ताकि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर और सही तरीके से पहुंच सके।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रकाश





डालते हुए कहा कि ये योजनाएं आमजन के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही उन्होंने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरुण चतुर्वेदी, मण्डल अध्यक्ष रोहित कासट, जिला मंत्री आशा महावीर शर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ब्रजमोहन मैथिल, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा दयाराम बुनकर, पूर्व अध्यक्ष केशशिल्पी बोर्ड बाबूलाल सेन, मण्डल महामंत्री मनीष शिवहरे, वरिष्ठ कार्यकर्ता मदन मोहन शर्मा, विधायक प्रतिनिधि रामसेवक मीना, अजयप्रताप सिंह परिहार, राहुल मीना, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, नगर परिषद उपाध्यक्ष विक्रम मीना, मण्डल महामंत्री नीरज मालवीय, वरिष्ठ कार्यकर्ता नंदकिशोर शर्मा, पत्रकार राजेंद्र, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष भगवान लोया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेश काकानी, रज्ञानसिंह गुर्जर, विकास शर्मा, दीपक उपाध्याय, पार्षद ममता अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष नंदनी सेन, विपिन सुमन, शिरिल जैन, मुकेश पचौरी, पार्षद प्रतिनिधि श्री नवल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प के साथ किया गया।

### 26 वर्षीय युवक अपने ही घर पर फांसी के फंदे पर लटका मिला

अशोकनगर। स्थानीय कबीरा रोड़ निवासी अरबिन्द पुत्र भगवत अहिरवार उम्र 26 साल अपने ही घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। बताया गया है कि मृतक ने पंखे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना का पता तब चला जब अरबिन्द की मां चाय लेकर उसे कमरे पर देने पहुंची। जब मां ने दरबाजा खटखटाया नहीं खुलने पर उसने बगल के कमरे में सो रहे पत्नि और बेटे को बताया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भर्रोली ने दीवार लेखन कर पानी बचाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ़

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड ईसागढ़ सेक्टर ढाकोनी 3 नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भर्रोली अध्यक्ष दशरथ सिंह रघुवंशी ने ग्रामीणों को जल बचाने के छोटे छोटे उपाय बताए। साथ ही ग्राम में दीवार लेखन कराकर ग्रामीणों को जल बचाने के लिए संदेश दिया। जल ही जीवन है इसका संरक्षण करें वहीं नवांकुर संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन ने ग्रामीणों से अपील की जल को बचाए और नगर विकास प्रस्फुटन




समिति अध्यक्ष अमित गोस्वामी ने कहा कि आपके ग्राम में बना तालाब जिसका पानी उपयोग में लेने के लिए तालाब का समय समय गहरीकरण करने में श्रमदान करे और तालाब की साफ सफाई रखे। जिससे ग्रामीणों को मवेशियों को शुद्ध जल प्राप्त हो तालाब के किनारे जो नाला निकला है उसकी सफाई करे जिससे बारिश के दिनों में पानी गांव में ना भरे कई बार देखा गया है कि आपके ग्राम में बाढ़ जैसी हालात हो जाती है उसका कारण यही है। नाले का चैक होना उसका गहरीकरण जन भागीदारी से करे मेंटर्स नारायण दास बैरागी ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। बोले यही इस जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य है।

**एनएच के अधिकारी बोले राशि जमा करने के बाद भी नहीं लग पाए बिजली मीटर**

# नेशनल हाईवे 552 पर कई जगह लगी स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीस, एक्सीडेंट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर

श्योपुर जिले से होकर गुजरे नेशनल हाइवे 552 पर यूं तो सोंईकलां से कलमी गांव के बीच लगी स्ट्रीट लाइटे लगी हुई है। लेकिन ये स्ट्रीट लाइटे रात्रि के दौरान जलने के बजाए शोपीश बनी हुई है। जिसके चलते नेशनल हाइवे पर रात्रि के दौरान अंधेरा पसरा रहता है। ऐसे में रात्रि के दौरान एक्सीडेंट होने का खतरा बना हुआ है। जिसकी वजह बिजली कंपनी की उदासीनता जिम्मेदार मानी जा रही है। क्यांकि नेशनल हाइवे के अधिकारी दावा कर रहे है कि सडक निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा स्ट्रीट लाइटों पर बिजली की सप्लाई चालू करने के लिए विधिवत बिजली कनेक्शन ले लिया और राशि भी जमा कर दी है। लेकिन राशि जमा करने के तीन महीने बीतने के बाद बिजली कंपनी न तो मीटर लगा रही है और न ही बिजली की सप्लाई चालू कर रही है। उधर बिजली कंपनी के अधिकारी इस मामले को दिखवाते हुए कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे है।

चंबल नदी के पाली पुल से लेकर सबलगढ तक तीन चरणों में बनकर तैयार होने वाले टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 के पहले चरण का काम कंपलीट हो गया है। पहले चरण के तहत चंबल नदी के पाली पुल से लेकर गोरस तक नेशनल हाइवे का काम कंपलीट हो गया है। रात्रि के दौरान इस हाइवे पर सडक दुर्घटना न हो,इसके लिए सडक निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा नेशनल हाइवे के प्रमुख तिराहो और चौराहो पर स्ट्रीट लाइटे लगाई गई है। कुछ जगह सौर उर्जा से चलने वाली लाइट लगाई गई है। जबकि कुछ जगह ऐसी स्ट्रीट लाइटे भी लगाई गई है, जो बिजली सप्लाई चालू होने पर नेशनल हाइवे को दूधिया रोशनी से जगमग करेगी।



### यहां लगी स्ट्रीट लाइटें बंद रहती

इस नेशनल हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि इस हाइवे पर जगह जगह स्ट्रीट लाइटे लगा दी गई है। लेकिन तीन स्थानों सोंईकलां, रायपुरा में बर्धा तिराहे के पास तथा कलमी गांव के पास लगी स्ट्रीट लाइटे तो रात्रि के दौरान बंद ही बनी रहती है। जिससे हाइवे पर अंधेरा पसरा रहता है। चूंकि यहां तिराहा होने से अंधेरे के कारण सडक दुर्घटना होने का अधिक खतरा बना हुआ है। एनएच के अधिकारी बता रहे है कि जनवरी 2026 में ही उपरोक्त स्थानों पर लगी स्ट्रीट लाइटों पर बिजली की सप्लाई चालू किए जाने के लिए सडक निर्माण कंपनी के द्वारा बिविधत कनेक्शन लेने की कागजी प्रक्रिया पूरी करने और राशि भी जमा करवा दी गई है। लेकिन इसके बाद भी इन स्थानों पर न तो बिजली कंपनी के द्वारा अभी तक बिजली के मीटर लगाए है और न ही बिजली की सप्लाई चालू की गई है।

### तो फिर कहां अटक गई बिजली

विचारणीय पहलू तो यह है कि एनएच के अधिकारी बिजली कनेक्शन लेने के लिए तीन माह पहले ही कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए राशि जमा कराने की बात कह रहे है। लेकिन बिजली कंपनी श्योपुर के महाप्रबंधक एलएन पाटीदार का कहना है कि हमारे पास नेशनल हाइवे पर स्ट्रीट लाइट के बिजली कनेक्शन संबंधी कोई फाइल पेडिंग नहीं है। ऐसे में यदि जब दोनो विभाग के अधिकारी अपनी अपनी जगह सही बोल रहे है तो फिर सवाल उठ रहा है कि बिजली बीच में आखिर कहां पर अटक गई है। हालांकि जिम्मेदारों को इसका पता लगाने की जरूरत है। मगर इस दिशा में जिम्मेदारों की अनदेखी से रात्रि के दौरान नेशनल हाइवे पर हादसों घटित होने का खतरा बना हुआ है।

### इनका कहना है...

सडक निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा बिजली कनेक्शन लेने के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद राशि भी जमा करवा दी गई है। लेकिन तीन माह होने के बाद भी मीटर नहीं लग सका है।

**विजय अवस्थी**
**उपयंत्री नेशनल हाईवे**

हमारे पास नेशनल हाइवे की कनेक्शन लेने संबंधी कोई फाइल पेडिंग नहीं है। यदि एनएच के अधिकारी राशि जमा होने की बात कह रहे है तो फिर वे हमे राशि जमा करने की रसीदे दिखाए है। इसके बाद हम दिखवाएंगे कि बिजली कनेक्शन क्यां नहीं हो पाया है।

**एलएन पाटीदार**
**महाप्रबंधक बिजली कंपनी,श्योपुर**

# जिले में मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाल्मीक मोहल्ला निवासी योगेश बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिथुन और अतुल बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी तथा तोड़ फोड़ कर दी।

जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी मीना पत्नि मंगल सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति ने शराब के नशे में उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथाई निवासी नीतेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरबिन्द अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया निवासी मेहताब सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरेलाल, कृपालसिंह और हुकुम सिंह कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जारसल चक्क निवासी हरिराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामस्वरूप, कल्लू और अर्जुन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नैथाई निवासी हरिया बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूपेन्द्र कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ़ निवासी रिंकू राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र राय और राहुल राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तारई निवासी अरबिंद राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### अशोकनगर-चन्देरी रोड पर बाईक दुर्घटनाग्रस्त, युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम देरासा निवासी अमित यादव बाईक से पिपरई से चन्देरी जा रहा था तभी पिपरई चंदेरी सड़क मार्ग पर बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में अमित यादव की मौत हो गई। मृतक की अगले माह शादी होने वाली थी, परिवार द्वारा शादी की तैयारियां की जा रहीं थी। इस घटना के बाद घर में मातम छा गया। पिपरई अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिवार जनों को सौंप दिया गया।

## मां की शिक्षा और संस्कारों की जरूरत हर व्यक्ति को होती हैः केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

अशोकनगर। जीवन में मां का स्थान कोई नहीं ले सकता, मां है तो सब कुछ है। बचपन से लेकर युवा अवस्था तक हर कदम पर हम सबको मां के संस्कारो शिक्षा की जरूरत होती है। मां ही हमारे लिए इस सांसारिक वातावरण में जीने की कला सिखाती है मां की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता। यह बात गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र से सांसद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पूर्व सांसद प्रतिनिधि व जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा के निज निवास पहुंच कर



मातेश्वरी सुमित्रा देवी को अपनी विनम्र श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहीं। इसमें परिवार जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने की कार्यवाही अपहृता दस्तयाब कर आरोपी किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना मुंगावली द्वारा एक सराहनीय एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च 2025 को फरियादी द्वारा थाना मुंगावली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी बहन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 142/2025 धारा 137 (2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी मुंगावली उनि अरविंद सिंह कछुवाह को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी मुंगावली द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई, दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा अपहर्ता को रेलवे स्टेशन मुंगावली से दस्तयाब किया गया। अपहृता के कथनों के आधार पर प्रकरण में सुसंगत धाराओं का ईजाफा कर आरोपी रविन्द्र धानक पुत्र शिवराज वंशकार निवासी ग्राम पारकना, हाल ग्राम टखनेरी अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### जुए के दो अड्डों पर पुलिस की छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में दो अलग अलग स्थानों पर पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए कार्यवाही की है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने हाटकापुरा चंदेरी में जुआं खेलते हुए अभिषेक अहिरवार, घनश्याम अहिरवार, सचिन खटीक, राजपाल अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 890 रूपए बरामद किए है। इसी प्रकार नईसरायं पुलिस ने ग्राम भैंसा में झोरे के समीप ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए राजेश जाटव, सुनील साहू, मंगेश केवट, काशीराम जाटव, सलमान खान, राशिद अली को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1700 रूपए बरामद किए हैं।

### रवि सिंह बने बहुजन समाज विचार विमर्श मंच के युवा जिला अध्यक्ष।



**अशोकनगर।** बहुजन समाज विचार समाज के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार आर्य पूर्व डीएसपी ने पवन पाल की अनुशंशा पर रवि सिंह को युवा जिला अशोकनगर के पद पर नियुक्ति दीं, इस नियुक्ति पर संगठन में होने बधाई दीं है।

## केंद्रीय मंत्री ने संयुक्त तहसील कार्यालय भवन लोकार्पण किया

# नवीन जिला चिकित्सालय के निर्माणाधीन स्थल भी पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा शनिवार को जिला मुख्यालय अशोकनगर स्थित 795.82 लाख रूपये से बने नवनिर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन अशोकनगर का लोकार्पण कर आमजन के लिए समर्पित किया। संयुक्त तहसील भवन के बन जाने से आमजन के राजस्व कार्यो में गति आयेगें। साथ ही कार्यालय में बेहतर सुविधाएं आमजन को मिल सकेगी। अभी तक यह भवन पुराने तहसील कार्यालय में चल रहा था।

**केन्द्रीय मंत्री ने नवीन जिला चिकित्सालय के निर्माणाधीन स्थल का किया निरीक्षण** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा शनिवार को ग्राम बरखेडी स्थित बनने वाले नवीन जिला चिकित्सालय के निर्माणाधीन कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के किये जा रहे कार्यो एवं नक्शा का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यह जिला चिकित्सालय का नया भवन 300 विस्तर की क्षमता वाला बनाया जा रहा है। वर्तमान में जिला मुख्यालय में 200 विस्तर की क्षमता वाला अस्पताल भवन है। यहां जगह की कमी के कारण मरीजों को वार्डो की गैलरी में रखना पड़ता है जिसके कारण इस नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। अशोकनगर जिला मुख्यालय स्थित विमानों के चबूतरा पर विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मौके पर हितलाभ का वितरण किया गया। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा 84 लाख रूपये की लागत के 04 कार्यो का लोकार्पण तथा 02 कार्य लागत 24 लाख रूपये के कार्यो का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाडी भवन, पुलिया निर्माण, सीसी रोड के कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि अशोकनगर का परचम विकास के नाम पर, प्रगति के नाम पर मध्यप्रदेश के पटल पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाए। अशोकनगर को विकास और प्रगति की ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए कोई कसर नही छोड़गें।

### पीएमश्री शामावि में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शनिवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम कचनार के पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का




वितरण भी किया। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि गांवों में भी ऐसी क्षमता है, जहां से देश के लिए लाखों योग्य और सशक्त नागरिक तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे विकास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से गांव-गांव तक शिक्षा पहुंच रही है, जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्वालियर स्थित गजरा राज मेडिकल कॉलेज का उदाहरण देते हुए बताया गया कि कैसे वर्षों पहले स्थापित इस संस्थान ने हजारों डॉक्टर तैयार किए, जो आज देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और एक अच्छी किताब कई दोस्तों के बराबर होती है, जबकि एक अच्छा दोस्त पूरे पुस्तकालय के समान होता है। उन्होंने सभी नवप्रवेशित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि आने वाले 25-26 वर्षों में यही बच्चे देश की ताकत बनेंगे और भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे।


# अशोकनगर से दिल्ली एवं इंदौर और ग्वालियर के लिए सीधी ट्रेन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रेल रोड संपर्क विस्तार संघर्ष समिति ने अशोकनगर जिला मुख्यालय पर रेल सुविधाएं बढाए जाने व नेशनल हाईवे से जोड़ने की मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें जिला मुख्यालय से इन्दौर, ग्वालियर और दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन चलाए जाने तथा सिक्स फोर लेन ग्रीन कॉरीडोर से जोड़ने की मांग की गई है।

इस दौरान समिति का कहना है कि संसदीय क्षेत्र के तीन जिलों में से मात्र अशोकनगर ऐसा जिला है, जो पूर्ण रूप से संसदीय क्षेत्र में आता है। हमारा सौभाग्य है कि, यहां का प्रतिनिधित्व पिछले पांच दशकों से ज्यादा आपके परिवार द्वारा किया जा रहा है और इस क्षेत्र को बड़े बड़े मंत्री पदों से सुशोभित कर गौरवान्वित भी किया गया है।

लेकिन खेद व्यक्त करते हुए ससम्मान कहना पड़ रहा है, कि इसके बावजूद भी अशोकनगर जिला तुलनात्मक रूप से अपने आप को वंचित महसूस करता है। कोई उद्योग नहीं, न उच्च शिक्षा के केंद्र और न ही रेल कनेक्टिविटी और न ही राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ाव आदि। अशोकनगर से अपने



सम्भागीय मुख्यालय ग्वालियर में दैनिक कार्य निपटाने हेतु दिन में कोई सीधी ट्रैन तक की व्यवस्था नहीं है। वहीं प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी और उच्च शिक्षा का केंद्र इंदौर के लिए भी कोई सीधी ट्रेन नहीं है। यही हालत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ाव के संबंध में है।

हम सभी लोग प्रतिभावान, काबिल और सक्षम होने के बावजूद अपने आपको अलग थलग अनाथ महसूस करते हैं। प्रदेश के रेल नक्शे में हम बीना और गुना जंक्शन के बीच स्थित है, किंतु रेल कनेक्टिविटी समुचित न होने से हम पड़े हुए हैं, लेकिन आपका मजबूत नेतृत्व और इच्छा शक्ति हमें मुख्य धारा में ला सकता है। हमारे स्टेशन पर पिछले 6 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर खर्च कर दिए गए, लेकिन आमजन का कहना है कि, जब महत्पूर्ण स्टेशनों के लिए ट्रेन की सुविधा ही नहीं होगी तो इस ढांचे का क्या उपयोग ?

### सिक्स लेन कॉरिडोर को अशोकनगर से निकले

इसी तरह मांग की गई है कि प्रस्तावित मुरैना-नागपुर सिक्स लेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को अशोकनगर जिला मुख्यालय से निकाला जाए। जिसे लेकर आम जन में बढ़ा संशय है। हाल ही में आपने परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात में इस पर चर्चा की है, निश्चित ही अपने अशोकनगर जिला मुख्यालय को हाईवे से कनेक्ट करने के संबंध में सहमति व्यक्त कराई होगी। इस संबंध में स्थिति को स्पष्ट करने की कृपा करें ताकि अशोकनगर जिले वासियों को यह विश्वास हो सके कि उनका जिला मुख्यालय सिक्स लेन हाईवे से कनेक्ट हो जाएगा।

### समिति पर्याप्त समय न मिलने से नाराज

इस दौरान ज्ञापन देने पहुंची समिति का कहना है कि केन्द्रीय मंत्री और सांसद द्वारा उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया और 20 सेकेण्ड का समय दिया जाना अनुचित है, जबकि समिति द्वारा उनके निज सचिव हरीश पपोला से समय भी लिया गया था।

## कचनार में सिंधिया की जनसुनवाई, 512 आवेदक पहुंचे, 121 की समस्याओं का निराकरण, कईं ग्रामीणों ने सिंधिया को अपनी व्यथा सुनाई



**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर प्रवास में लगातार दूसरे दिन कचनार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए उन्होंने 3 घंटे से अधिक समय तक उपस्थित रहकर प्रत्येक आवेदक से संवाद किया और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान 512 आवेदक अपनी समस्या लेकर पहुंचे, जिला अधिकारियों की उपस्थिति में 121 आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। सभी शिकायतों का टोकन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकरण किया गया तथा लंबित मामलों की ऑनलाइन ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाएगी। इससे प्रत्येक आवेदक अपनी समस्या की स्थिति को आसानी से जान सकेगा और समाधान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी।

**जनसेवा का सतत संकल्प** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसमस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन को प्राथमिकता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा में उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दोहराया कि हर नागरिक तक पहुंचकर उसकी समस्या का समाधान करना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने मागें रख सरकार का ध्यान आकर्षित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला किसान कांग्रेस कमेटी अशोकनगर दवारा शनिवार को पुरानी गल्ला मंडी, अशोकनगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर सरकार की नीतियों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि वर्तमान सरकार किसानों के मुद्दों पर पूरी तरह असंवेदनशील है। लगातार गलत नीतियों और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण अन्नदाता आर्थिक संकट में फंसा हुआ है, लेकिन सरकार केवल दिखावटी घोषणाओं तक सीमित है।

प्रदेश महासचिव राव यादवेन्द्र सिंह यादव, अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा एवं किसान कांग्रेस कमेटी अशोकनगर के जिला अध्यक्ष मनिंदर सिंह भुल्लर उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय को अब और बर्दाश्त नहीं होगा, किसानों के संघर्ष को और तेज किया जाएगा। वक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार शीघ्र ही इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो जिला किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

**खास बातें**

- कर्ज मुक्ति की समय सीमा बढ़ाने की मांग, ताकि किसान अपनी उपज बेचकर कर्ज चुका सकें।
- डिफाल्टर घोषित किसानों को तत्काल राहत देकर पुनः नियमित करने की मांग।
- गेहूं की खरीदी 4000 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करने की मांग।
- खरीदी तिथियों में बार-बार बदलाव की अव्यवस्था पर रोक लगाने की मांग।
- सोयाबीन आयात पर रोक लगाकर स्थानीय किसानों के हितों की रक्षा की मांग।
- बिजली विभाग द्वारा किसानों से की जा रही जबरन वसूली को तुरंत बंद करने की मांग।

# कबाड़ बनीं ई-ट्राईसाइकिल ने छिनी आत्मनिर्भरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन द्वारा दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वितरित की गई। बैटरी चलित ट्राई साइकिलें अब उनके लिए परेशानी का सबब बनती जा रही हैं। क्षेत्र के कई दिव्यांगजनों को मिली इन साइकिलों में तकनीकी खराबी आने लगी है, विशेषकर बैटरी और चार्जर के खराब होने की शिकायतें बड़े पैमाने पर सामने आ रही हैं।

दिव्यांगजनों का कहना है कि यह ट्राई साइकिलें उनके आने-जाने का एकमात्र सहारा थीं, लेकिन अब इनके पाट्र्स खराब होने से वे फिर से दूसरों पर निर्भर हो गए हैं। बैटरी और चार्जर जैसे महत्वपूर्ण पाट्र्स की कीमत काफी अधिक है। चूंकि अधिकांश लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, इसलिए उनके लिए हजारों रुपये खर्च कर नए पाट्र्स खरीदना मुमकिन नहीं है। कई जगह स्थिति यह है कि महंगी ट्राई साइकिलें केवल एक बैटरी की खराबी के कारण घर के कोने में धूल खा रही हैं। स्थानीय स्तर पर इनके सुधार की कोई व्यवस्था नहीं है और बाजार में मिलने वाले पाट्र्स उनकी पहुंच से बाहर हैं। दिव्यांग जनों ने यह भी बताया कि कई बार चक्कर लगाने के बाद तो ट्राई साइकिलें मिली थीं, अब उनके खराब होने से निराषा हुई है।



### 14 हजार की आ रही बैटरी, साढ़े 3 हजार में चार्जर

बर्री निवासी राजन आदिवासी हाथों में वैषाखियां लिए षनिवार को एक ग्राहक सेवा केन्द्र के बाहर बैठे थे, उन्होंने बताया कि वह पेंषन की राषि निकालने आए हैं। उन्होंने बताया कि दो साल पहले मिली ट्राई साइकिल की बैटरी कुछ महीनों पहले खराब हो गई है। 14 हजार रुपए की नई आ रही है, जिसे खरीदना हैसियत से बाहर है। इसी तरह गीलारोपा निवासी के हरि सिंह ने बताया कि चार्जर खराब हो गया था, जिसे साढ़े 3 हजार रुपए में खरीदा है। वहीं पिपरिया निवासी मलखान परिहार ने बताया कि ट्राई साइकिल के रिम टेड़े हो गए थे और वायरिंग भी जल गई थी। आसपास कोई सर्विस सेंटर नहीं होने के कारण घर पर पड़ी है।

### शासन से राहत की उम्मीद

पीड़ति दिव्यांगजनों ने प्रशासन से मांग की है कि इन ट्राई साइकिलों के रखरखाव के लिए या तो कैंप लगाए जाएं या खराब हो चुके पाट्र्स को बदलने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। यदि समय रहते इनका सुधार नहीं कराया गया, तो शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना पूरी तरह से निष्प्रभावी हो जाएगी। राजन आदिवासी का कहना था कि जब साइकिल मिली तो वह गली-मोहल्लों में कभी गुड़यि के बाल, कभी पॉपकॉर्न तो कभी पपड़ी बेचकर अपने परिवार का पेट पालने लगा था लेकिन बैटरी खराब होने के बाद अब इसे बदलने लायक पैसे उसके पास नहीं हैं। प्रशासन को इसके सुधार की भी व्यवस्था करनी चाहिए।

**इनका कहना है**

दिव्यांगजनों को चाहिए कि वह पंचायत कर्मी के माध्यम से हमें या दिव्यांगजन केन्द्र अषोकनगर में इसकी सूचना दें। उपकरणों को हम एलिम्को जबलपुर से बदलवा देंगे या नए मंगा देंगे। हमने कुछ मामलों में ऐसा किया भी है।

**आलोक प्रताप इटोरिया,** सीईओ, जनपद पंचायत

## पिता की पहले मौत, होनी थी युवती की शादी

# बीमारी से तंग आकर 26 वर्षीय युवती ने दे दी अपनी जान, परिवार में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम प्राणपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ 26 वर्षीय युवती आरती सोनी ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। एम.ए. शिक्षित आरती पिछले लंबे समय से शारीरिक बीमारी से जूझ रही थी, जिसे उसकी आत्महत्या का प्राथमिक कारण माना जा रहा है। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार की रात परिवार के सभी सदस्यों ने करीब 11 से 12 बजे के बीच एक साथ खाना खाया और सोने चले गए। शनिवार सुबह जब आरती के छोटे भाई ने कमरे का दरवाजा खोला, तो आरती पंखे पर दुपट्टे के फंदे से लटकी हुई पाई गई। आनन-फानन में पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

### लंबे समय से थी बीमार

मृतिका के बड़े भाई सौरभ सोनी ने बताया कि आरती पिछले काफी समय से गंभीर दर्द और शारीरिक समस्या से परेशान थी। उसके कमर से लेकर घुटनों तक का हिस्सा सुन्न हो जाता था। ग्वालियर के अस्पताल में उसका उपचार भी चल रहा था,लेकिन स्वास्थ्य में सुधार न



होने के कारण वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थी।

### शादी की चल रही थी तैयारी

परिवार के लिए यह दुख इसलिए भी बड़ा है क्योंकि इस वर्ष आरती के हाथ पीले करने की तैयारी चल रही थी। भाई ने बताया पिता राघवेंद्र सोनी की पहले ही हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। हम दो भाई और दो बहनें हैं। हम आरती के लिए अच्छा लड़का ढूंढ रहे थे और इसी साल उसकी शादी करने की पूरी तैयारी थी। हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह बीमारी से हारकर ऐसा कदम उठा लेगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के सटीक कारणों की पुष्टि हो सके। प्रारंभिक तौर पर मामला बीमारी से तंग आकर उठाए गए कदम का लग रहा है।

## चंदेरी सिविल अस्पताल में अनदेखी से सिस्टम हुआ लाचार होकर बीमार

# कागजों पर चल रही ड्यूटी, हकीकत में नदारद स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिलें में शासकीय अस्पतालों की दुर्गति हो रही है एक दिन पहले अशोकनगर जिला अस्पताल का विधायक ने जब निरीक्षण किया था एक डॉक्टर मौके पर मिला था। अब ऐसी ही स्थिति चन्देरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सामने आई है जहां यह अस्पताल अपनी चिकित्सा सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि कर्मचारियों की भारी लापरवाही और मनमानी कार्यप्रणाली के कारण चर्चाओं में है। अस्पताल में स्टाफ की कमी का रोना तो पुराना है, लेकिन अब उपलब्ध स्टाफ भी नियमों को ताक पर रखकर अपनी सहूलियत के हिसाब से अस्पताल आ-जा रहा है। आलम यह है कि ड्यूटी चार्ट केवल दीवारों की शोभा बढ़ा रहे हैं, जबकि धरातल पर मरीज डॉक्टरों और नर्सों के इंतजार में तड़प रहे हैं।

**अस्पताल प्रबंधन के नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं** त्रों और स्थानीय लोगों का कहना है कि यहाँ कार्यरत कई नर्सें और स्टाफ सदस्य आए दिन स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर ड्यूटी से गायब रहते हैं। चैंकाने वाली बात यह है कि यह बीमारी केवल ड्यूटी के समय ही याद आती है। हकीकत में यह केवल काम से बचने का एक जरिया बन चुका है, जिसके कारण अस्पताल में तैनात अन्य स्टाफ पर बोझ बढ़ता है और मरीजों को घंटों तक बिना उपचार के तड़पना पड़ता है। साथ ही जानकारी के अनुसार,अस्पताल का कुछ स्टाफ तो इस कदर बेलगाम है कि कर्मचारी अपनी साठगांठ से बिना किसी आधिकारिक सूचना के शिफ्ट बदल लेते हैं। फर्जी उपस्थिति बिना अस्पताल आए ही उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं, जिससे कागजों पर सब ऑल इज वेल नजर आता है। वीआईपी कल्चर स्टाफ अपनी मर्जी से बैग उठाते हैं और ड्यूटी छोड़कर निकल जाते हैं,जैसे यह कोई अस्पताल नहीं बल्कि उनकी निजी मिल्कियत हो।




### वीआईपी कल्चर तो बीमारी का बहाना, ड्यूटी से किनारा

अस्पताल प्रबंधन द्वारा नियमानुसार ड्यूटी चार्ट तैयार किया जाता है, जिसमें दिन और रात की शिफ्ट तय होती है। नियम कहता है कि यदि कोई कर्मचारी दिन में तैनात है, तो उसकी रात की ड्यूटी नहीं होगी। लेकिन चंदेरी सिविल अस्पताल में इन नियमों को ताक पर रख दिया गया है। कर्मचारी अपनी साठगांठ और सुविधा के अनुसार शिफ्ट बदल लेते हैं, जिससे पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है।

**मरीजों पर भारी पड़ रही लापरवाही** स्टाफ की इस मनमानी का सबसे खौफनाक असर रात के समय देखने को मिलता है। जब आपातकालीन स्थिति में मरीज अस्पताल पहुँचते हैं, तो उन्हें घंटों तक नर्सों या डॉक्टरों का इंतजार करना पड़ता है। ड्यूटी पर तैनात स्टाफ का नदारद होना जैसा होता है तो हेल्थ इश्यू का बहाना बनाकर घर बैठने वाली सिस्टर्स की वजह से अस्पताल की पूरी व्यवस्था वेंटिलेटर पर आ गई है।

**खास बातें**

- स्वस्थ स्टाफ को अचानक बीमारी का दौरा कैसे पड़ता है? क्या इसकी मेडिकल जांच उच्च अधिकारियों द्वारा की जाती है?
- क्या वरिष्ठ अधिकारियों को इस फर्जी हाजिरी के खेल की जानकारी नहीं है?
- ड्यूटी चार्ट का पालन न करने वाले लापरवाह स्टाफ पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- मरीजों की जान से खेलने वाले इन मनमर्जी के मालिक कर्मचारियों पर लगाम कौन कसेगा?

चंदेरी सिविल अस्पताल की यह गिरती व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाती है। यदि जल्द ही इस लापरवाह स्टाफ पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई और व्यवस्थाओं को पारदर्शी नहीं बनाया गया, तो अस्पताल की यह चिंता की लकीरें किसी दिन बड़ी अनहोनी का सबब बन सकती हैं। नगरवासी अब जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से इस मामले में हस्तक्षेप कर सुधार की मांग कर रहे हैं।

इन दुकानों पर अब आबकारी विभाग जिम्मेदारी निभाते हुए विक्रय करवाएगा मदिरा

# राजगढ़ जिले में 24 शराब दुकानों का किसी ठेकेदार ने नहीं लिया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए घोषित नवीन आबकारी नीति के अंतर्गत अब तक कुल 133 मदिरा दुकानों के ठेके दिए जा चुके हैं और सभी दुकानों पर संबंधित ठेकेदारों द्वारा शराब का विक्रय आरंभ किया जा रहा है। इस निष्पादन से अब तक लगभग 176 करोड़ रूपये का राजस्व सुरक्षित किया गया है जो कि नवीन नीति के अनुसार प्रस्तावित राजस्व का लगभग 55 प्रतिशत है।

जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल एवं अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी अजय भादरे ने बताया कि जिले में कुल 157 शराब दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। उक्त 157 में से 24 शराब दुकानों के लिए ठेकेदारों/एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। परन्तु शासन द्वारा निर्धारित 315 करोड़ रुपए का टारगेट/आरक्षित मूल्य को विभाग कवर करेगा। जिन 24 दुकानों के टेंडर फिलहाल तक नहीं हुए हैं उन दुकानों का संचालन कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार होमगार्डस व अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारियों के जरिए करवाया जाएगा।

### रिकॉल टेंडर की प्रक्रिया चलन में

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन 24 मदिरा दुकानों का ठेका न होने की वजह से 31 मार्च की रात्रि में ठेका समाप्त हो जाने पर आबकारी विभाग ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इन दुकानों का ठेका दिये जाने की प्रक्रिया (रिकॉल टेंडर) भी चालू है जो शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन के द्वारा की जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को संपन्न 12 वें चरण की कार्यवाही में 09 और दुकानों पर टेण्डर प्राप्त हुऐ है। प्रस्ताव मान्य/अमान्य करने हेतु इनको जिला समिति अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देश पर विभागाध्यक्ष को प्रेषित किये जा रहे है। इनकी स्वीकृति हो जाने पर जिले की शेष 24 दुकानें जो अभी विभागीय नियंत्रण में हैं, को भी शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नीलामी पर रखा जाएगा।

### इसलिए नहीं लिए गए हैं ठेके

दरअसल, नई आबकारी नीति के तहत गत वर्ष हुई टेंडर राशि में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर टेंडर दिए जाने हैं। जिन 24 दुकानों के टेंडर ठेकेदारों ने नहीं लिए उन दुकानों पर शराब की बिक्री बहुत कम मात्रा में हुआ करती है। ऐसे में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर ठेका लेने में एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। हालांकि, अब रिकॉल टेंडर में संभव है कि जल्द उक्त दुकानों के टेंडर भी एजेंसियों द्वारा ले लिए जाएं।

### इन दुकानों के टैंडर होना बाकी

जिन दुकानों के टैंडर रिकॉल किए गए हैं उनमें ब्यावरा सिटी, खजूरी, कुरावर मंडी, कुंवर कोठरी, नई आबादी कुरावर, नरसिंहगढ़(ब), पचोर(बी), राजगढ़ पुरा, सुठालिया(बी), राजगढ़ पुरा, सुठालिया(बी), आसारेटा, बोड़ा(बी), किला अमरगढ़, लिम्बोदा, नाहली, पीपल्याबीरम, सुस्तानी, ब्यावरा एफ-2, जीरापुर(बी), खिलचीपुर-ए, कुरावर, पचोर, राजगढ़, छापीहेड़ा एवं खुजनेर-ए शामिल हैं।

### इनका कहना है

टैंडर रिकॉल किए गए हैं। शासन को राजस्व की हानि न हो इसलिए जब तक एजेंसी तय नहीं होती विभाग अपने स्तर से दुकानों का संचालन करवाएगा।

- **अजय भादरे**, अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा मामला

# रेंजर दफ्तर के सामने ही टूटी पड़ी फॉरेस्ट की तार फेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में वनों के सरंक्षण और बचाव का दावा करने वाले वन विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे ही जंगलों की सुरक्षा को ठेंगा दिखाया जा रहा है। मुख्यालय पर बाईपास स्थित नवनिर्मित रेंजर कार्यालय के सामने वन विभाग की भूमि स्थित है। इसी भूमि पर विभाग की तार फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है पर जिम्मेदारों द्वारा तनिक भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आपको बतादें कि खोयरी रोड स्थित रेंजर दफ्तर कुछ माह पूर्व ही किशनगढ़ गांव के ऊपर नवनिर्मित भवन में शिफ्ट किया गया हैं। रेंज कार्यालय के अधिकारी समेत इन्सपेक्टर, वनपाल, वनरक्षक व अन्य अमला प्रतिदिन ऑफिस तो पहुंच रहा है लेकिन मुख्य कार्यों की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। रेंजर कार्यालय के ठीक सामने कई बीघा क्षेत्र में फॉरेस्ट के स्वामित्व की जमीन स्थित है। इस जमीन को कब्जे से मुक्त रखने पूर्व में करवाई गई तार फेंसिंग को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करते हुए तारों को चुराया जा रहा है लेकिन विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहे हैं।



### अनेकों स्थानों पर इसी तरह के हैं हाल

लापरवाही का यह मामला सिर्फ रेंजर दफ्तर के सामने तक ही सीमित नहीं है बल्कि जिले में अनेक स्थानों पर वन विभाग के स्वामित्व वाली फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है। कहीं चोरों ने तार चुरा लिए तो कहीं अन्य कारणों से वनभूमि असुरक्षित हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# बजट सहित कई बिन्दुओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

## राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार से रखी गई मांग

**सारंगपुर।** बढ़ती महंगाई और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण बिजली, पेट्रोल-डीजल, गैस और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ गया है।



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि महंगाई का असर गरीब और मध्यम वर्ग पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी ने बिजली दरों में वृद्धि, गैस की किल्लत और अघोषित कटौती को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं से घरेलू बजट के साथ छोटे व्यापारियों पर भी संकट खड़ा हो गया है। किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम भैसानिया ने बताया कि डीजल की कमी और महंगाई के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। वहीं किसानों को गेहूं खरीदी में देरी के चलते फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में अनियमितता, स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल और गैस संकट जैसे मुद्दे भी उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईवे पर हादसे का खतरा, पाइप लाइन में लीकेज

**राजगढ़।** स्थानीय हाईवे के बाईपास पर दुर्घटनाओं का खतरा मंडलरा रहा है। दरअसल, भगवति रेस्टोरेंट के समीप एवं अटल बिहारी प्रतिमा के ठीक पास नगर पालिका की पाइप लाइन में लीकेज होने से पानी सीधे हाईवे पर पहुंच रहा है। स्थानीय रहवासियों द्वारा नगर पालिका के जिम्मेदारों को सूचना देने के बाद भी उक्त लीकेज दुरुस्त करवाने नगर पालिका की जल शाखा के जिम्मेदार कोई जहमेत नहीं उठा रहे हैं। पाइप लाइन के लीकेज से निकला पानी पूरे समय हाईवे पर बहता रहता है। ऐसे में बाइक चालकों के असंतुलित होने की संभावना ज्यादा बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए लाइन दुरुस्त करवाई जाए ताकि पानी व्यर्थ न बहे और संभावित दुर्घटनाओं को भी टाला जा सके।

संक्रमण के खतरे में कमी के साथ समय व राशि की होगी बचत

# जिला अस्पताल में शुरू हुई बेडशीट की आधुनिक धुलाई व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के क्रम में प्रशासन की एक ओर पहल नजर आई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के प्रयासों से जिला अस्पताल में आधुनिक हाई-कैपेसिटी वॉशिंग मशीनों के माध्यम से बेडशीट धुलाई की नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इस पहल से अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही मरीजों को संक्रमण के खतरे से राहत मिलेगी।

जिला अस्पताल में स्थापित तीन हाई-कैपेसिटी मशीनों के माध्यम से अब मात्र 30 मिनट में लगभग 100 बेडशीट की धुलाई संभव हो सकेगी। पूर्व में बेडशीट की धुलाई नालों, नदी के पानी में करवाई जाती थी, जिसमें अधिक समय लगने के साथ संक्रमण का खतरा भी बना रहता था। नई व्यवस्था के तहत अब धुलाई कार्य अस्पताल परिसर में ही वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। यह पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देगी, बल्कि समय एवं संसाधनों की भी बचत सुनिश्चित करेगी। साथ ही मरीजों को साफ एवं स्वच्छ बेडशीट उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे उपचार की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

### साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार की जाएगी धुलाई

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार विभिन्न वार्डों की बेडशीट की नियमित धुलाई की जाएगी। इस कार्य के लिए आवश्यक मानव संसाधन की भी व्यवस्था की गई है, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## खर्चीली शादियों को रोकने तंवर समाज करवा रहा विवाह सम्मेलन

**राजगढ़।** गरीब परिवारों के हित और खर्चीले विवाह-समारोह पर अंकुश लगाने के उद्धेश्य से क्षेत्र के तंवर समाज के तत्वावधान में आगामी 25 अप्रेल को निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने बताया कि यह सम्मेलन ढंड जोड़ स्थित बाबा रामदेव परिसर में आयोजित करवाया जाएगा जिसके लिए पंजीयन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। सम्मेलन में जोड़ों के विवाह हेतु अनिवार्य शर्त यह रखी गई है कि वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। संबंधित वर-वधु के परिजनों को आयु के प्रमाण हेतु निर्धारित शासकीय दस्तावेज सम्मेलन समिति के पास जमा करवाने होंगे। इसके साथ ही शराब पीकर सम्मेलन में आने वालों के लिए समिति द्वारा जुर्माना तय किया गया है। जो भी सम्मेलन में किसी भी तरह का नशा करके आएगा उस पर न केवल जुर्माना बल्कि संबंधित को पुलिस के सुर्पुद किया जाएगा।

स्कूल चले अभियान के तहत जिले भर में कार्यक्रम आयोजित

# स्कूलों में ऐसी पढ़ाई हो जो बच्चों को बोझिल न लगे: मनोज हाड़ा

**राजगढ़।** स्कूल चले अभियान एवं प्रवेश उत्सव के चतुर्थ दिवस शासकीय प्राथमिक विद्यालय हीरापुरा में भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा बच्चों से रूबरू हुए। इस दौरान बच्चों को नए बैग, किताबें व अन्य सामग्री का वितरण करवाया गया।

हाड़ा ने शाला स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई ऐसी होनी चाहिए जो बच्चों को बोझिल न लगे। सभी विषयों का अध्ययन खेल-खेल में करवाया जाना चाहिए ताकि बच्चे रुचि लेकर पढ़ाई करें। हाड़ा ने अपने उद्बोधन में बच्चों के भविष्य को किस प्रकार संवारा जा सकता है, इस बारे में भी उद्धगार व्यक्त किए। उन्होंने नौनिहालों को नियमित स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि दुनिया में हर चीज बांटी जा सकती है परंतु हमारा ज्ञान ही है जिसे कोई न बांट सकता है न छीन सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। संस्था के प्रभारी रामबाबू पुष्पद एवं भगवान सिंह राणावत ने अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन किया। संस्था के प्रबंधन और छात्र-छात्राओं के अनुशासन की भी प्रशंसा की गई। अंत मे उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को रोमांचक कहानियो, कविता की पुस्तकें और पेन भेंट किए गए। आभार शिक्षक भगवान सिंह राणावत द्वारा प्रकट किया गया।'



## छह उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द, 10 पर जुर्माना अधिरोपित

**राजगढ़।** कृषि विभाग के आदेश पर जिले में उर्वरक वितरण को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है। उक्त आदेश की अवहेलना पर जिले के छह उर्वरक बेचने वालों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं एवं 10 पर जुर्माना लगाया गया है। जिन इन विक्रेताओं के लाइसेंस किए गए निलंबित विशाल ट्रेडर्स जीरापुर, श्री कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र खुजनेर, महादेव इंटरप्राइजेज बोड़ा, गोपाल ट्रेडर्स ब्यावरा, सांवरिया ट्रेडर्स ब्यावरा एवं लोदी कृषि सेवा केन्द्र सुतलिया शामिल हैं।

### इन विक्रेताओं पर 5.5 हजार रुपए का जुर्माना

विभाग ने निर्देशों की अवहेलना पर श्री दांगी कृषि सेवा केन्द्र खिलचीपुर, श्रीराम इंटरप्राइजेज खिलचीपुर, हबीबा इंटरप्राइजेज माचलपुर, राधेश्याम ट्रेडर्स खुजनेर, नागर ट्रेडर्स खुजनेर, श्री फ्लोदी इंटरप्राइजेज पचोर, इफको ई.बाजार सारंगपुरए कृष्णा ट्रेडर्स ब्यावरा, श्री बालाजी ट्रेडर्स ब्यावरा, मंडलोई कृषि सेवा सुतलिया पर 5 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया है।

किसानों को जैविक खेती अपनाने किया प्रेरित

# कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर जैविक खेती के नवाचार की पहल देखी

**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को जीरापुर विकासखंड के ग्राम घोघटपुर पहुंचकर क्षेत्र में हो रहे जैविक खेती के नवाचारों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एक किसान के खेत पर पहुकचकर बीआरसी (जैविक संसाधन केंद्र) यूनिट एवं चूजे पालन गतिविधियों को देखा एवं किसान द्वारा अपनाई गई आधुनिक एवं जैविक खेती की विधियों की सराहना की।



कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे किसानों की आय में भी वृद्धि संभव है। उन्होंने उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ जैविक खेती एवं नवीन तकनीकों को अपनाएं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर हो और बाजार में अच्छे मूल्य प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि बीआरसी यूनिट जैसे नवाचार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।इस प्रकार की इकाइयों के माध्यम से जैविक खाद एवं दवाइयों का निर्माण कर लागत को कम किया जा सकता है और मृदा की उर्वरता को बनाए रखा जा सकता है।

### आय का अतिरिक्त स्रोत है चूजे पालन

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने चूजे पालन गतिविधि को भी किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत के रूप में बताया और कहा कि कृषि के साथ पशुपालन एवं अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ बना सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं किसानों को निर्देशित किया गया कि जिले में इस प्रकार के सफल मॉडलों को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इससे प्रेरणा लेकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

## नागर मोहल्ले में देर रात्रि तक चली भंडारा प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हनुमान जयंती से चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में मुख्यालय के नागर मोहल्ले स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि नगर भंडारे का आयोजन करवाया गया। शाम से आरंभ हुए भोजन, प्रसादी का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु महिला, पुरुषों, बच्चों ने भंडारे में प्रसादी गृहण की। इस वृहद आयोजन में स्थानीय युवाओं की भूमिका भी सराहनीय रही और वे तन्मयता के साथ भंडारे में परोसगारी करते नजर आए। क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि फेनु बना के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भंडारे में पहुंचकर व्यवस्थाओं को सम्हाले रखा।

बाल कल्याण समिति ने शिशु गोपाल महिला मंडल को सौंपा

# प्रशासन की सुरक्षित गोद में पहुंचा 2 माह पूर्व लावारिस हाल में मिला बालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब दो माह पूर्व खिलचीपुर क्षेत्र के निर्जन स्थान पर लावारिस हाल में मिले बालक को मुख्यालय स्थित एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती करवाया गया था। बालक के एसएनसीयू में एडमिट किए जाने के वक्त उसकी हालत बहुत नाजुक थी परन्तु 60 दिनों तक चले विशेष उपचार के बाद यह लावारिस बालक पूरी तरह स्वास्थ्य हो चुका है।

बच्चे को पूर्णतः स्वथ होने पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा एवं टीम ने इस बालक को आगे के पोषण हेतु प्रशासनिक रूप से पंजीबद्ध शिशुगृह गोपाल महिला मंडली के सुपुर्द्ध किया। शर्मा ने बताया कि बेबी को उचित देखभाल, बेहतर स्वास्थ्य और सर्वोत्तम हित के लिए आवश्यक अन्य जरूरी देखभाल के निर्देश के साथ राजगढ़ के शिशुगृह गोपाल महिला मंडल के प्रतिनिधियों को संस्थागत आश्रय के लिए सुपुर्दगी दी। इस दौरान एसएनसीयू प्रभारी डॉ. आरएस माथुर और विंग की टीम ने भावुक क्षणों में बालक को शिशुगृह के लिए रवाना किया।



### नियमानुसार की जाएगी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया

बाल कल्याण समिति पदाधिकारी श्रीमती रिंकू सुनेरी, सुरेश चंद्रवंशी, निलेश मालवीय, श्रीमती सलमा अंसारी ने बताया कि आगामी दिनों में बालक के माता-पिता की सर्चिंग की जाएगी और तय समय में पश्चात नहीं मिलने पर जेजे एक्ट के अनुसार विधिमुक्त और दत्तकग्रहण की प्रक्रिया संबंधी को चलन में लाया जाएगा। समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि जिस बालक का कोई नहीं उसकी बाल कल्याण सिमति है। समिति स्टाफ हमेशा बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। इस मौके पर एसएनसीयू टीम प्रभारी सहित दो माह तक मां जैसी देखभाल करने वाली नर्सेज व अन्य उपस्थित रहे।

**मार्केटिंग को. आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड नरसिंहगढ़**
**जिला राजगढ़ म.प्र.**
C.T.TIN NO. 23152400342
TIN 78212400323
पंजीयन क्र.DR/RJH/2
दिनांक 24-10-1959
PAN NO. AAAAV5686J - Email id nghems@gmail.com

क्र. 1976/26
नरसिंहगढ़ दिनांक 03/4/26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे कि विपणन सहकारी संस्था मर्या- नरसिहगढ़ का ट्रक क्रं MP 39 H 0907 माडल LPT1109HEX2/42BSIII रजिस्टेशन नं MP 39 H 0907 दिनांक 11.02.2014 नीलाम करना है। इच्छुक व्यक्ति संस्था में कार्यालयीन समय 11:00 To 02:30 तक जानकारी प्राप्त कर सकते है।
नीलामी दिनांक 18.04.2026 दिन शनिवार समय दोपहर 12:00 बजे।

**प्रबंधक**
**विपणन सहकारी सस्था मर्या**